हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

# सतना में धान रोपण की सियासत: गणेश सिंह की मजबूत बिसात और कांग्रेस की नई रणनीति

**सतना में इन दिनों धान रोपण एक राजनीतिक अखाड़ा बन गया है,जहां भाजपा सांसद और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने तरीके से सियासी जमीन मजबूत करने में जुटे हैं। इस अनोखी पहल के गहरे राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव अभी काफी दूर हैं।**





हरिभूमि न्यूज, सतना।

भाजपा से पांच बार के सांसद रह चुके गणेश सिंह का अपने खेत में धान का रोपा लगाना,केवल एक कृषि गतिविधि नहीं,बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। गणेश सिंह हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में सतना सीट से हार चुके हैं,जिसने उनके राजनीतिक भविष्य पर कई सवाल खड़े कर दिए थे। ऐसे में उनका सीधे किसानों और ग्रामीण जनता से जुड़ने का यह प्रयास,एक तरह से 'अपनी नई जमीन तैयार करने' की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। उनकी यह पहल यह संदेश देने की कोशिश है कि वे अभी भी जन सरोकारों से जुड़े हुए हैं और अपनी जड़ों को नहीं भूले हैं। यह एक विनम्र प्रयास हो सकता है,जिसके जरिए वे जनता की सहानुभूति और समर्थन दोबारा हासिल करना चाहते हैं। वहीं,दूसरी ओर कांग्रेस ने सड़क पर धान का रोपा लगाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस के इस कदम को किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के रूप में देखा जा रहा है। यह महज एक प्रतीकात्मक विरोध नहीं,बल्कि बढ़ती महंगाई,खाद-बीज की कमी और किसानों की बदहाली जैसे मुद्दों पर सरकार की विफलता को उजागर करने का एक तरीका है। कांग्रेस के भीतर भी इन दिनों हलचल तेज है। अध्यक्षों को बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं,जो यह दर्शाता है कि पार्टी अपनी रणनीति में बदलाव करने और नए चेहरों को आगे लाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह संगठन को मजबूत कर, आगामी चुनावों में भाजपा को कड़ी चुनौती दे सके। सड़क पर धान रोपण का यह विरोध प्रदर्शन भी उसी रणनीति का हिस्सा है,जिसके जरिए कांग्रेस जनता के बीच अपनी पैठ फिर से जमाना चाहती है और यह दिखाना चाहती है कि वह जनहित के मुद्दों पर सक्रिय है। कुल मिलाकर,सतना में धान रोपण की यह सियासत आगामी चुनावों से पहले दोनों प्रमुख दलों के बीच की खींचतान और रणनीतिक बदलावों को दर्शाती है। गणेश सिंह अपनी और मजबूत राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं,तो कांग्रेस अपनी नई संगठनात्मक ऊर्जा के साथ जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि धान रोपण की यह राजनीति सतना में आगामी दिनों में क्या असर डालती है।

# चित्रकूट में सावन के तीसरे सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़





सतना।

सावन के तीसरे सोमवार को भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रामघाट पर मंदाकिनी नदी में सुबह 3 बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं,जहां उन्होंने स्नान कर भगवान मत्यागजेंद्र नाथ शिव का जलाभिषेक किया। भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### बिरसिंहपुर स्थित देवी नाथ भगवान मंदिर में भी उमड़ी भीड़

इसी प्रकार ऐतिहासिक शिव मंदिर देवी नाथ बिरसिंहपुर में सावन के दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।सोमवार को यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। आपको बता दें कि यह एक ऐसा धार्मिक स्थल है जहां पर खंडित शिवलिंग की पूजा की जाती है। मुगल काल के जमाने में मुगल शासक ने मंदिर और शिवलिंग को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी।

### गैबीनाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब, प्रशासन मुस्तैद

सावन के तीसरे सोमवार को बिरसिंहपुर स्थित भगवान गैबीनाथ स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दूर से आए भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और




व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस अवसर पर तहसीलदार बिरसिंहपुर डॉ.शैलेंद्र शर्मा,थाना प्रभारी सभापुर शंखधर द्विवेदी,और थाना प्रभारी धारकुंडी शैलेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अमला तैनात रहा। नगर पंचायत की टीम भी व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद दिखी।

# मैहर एसडीएम के आदेश का तत्काल असर: मंदिर मार्ग से हटीं अवैध दुकानें



**मैहर।** मैहर एसडीएम के आदेश का तत्काल असर देखने को मिला,जब मंदिर समिति और चौकी पुलिस ने मिलकर रास्ते को अवरुद्ध कर रही दुकानों को हटा दिया। पिछले कई दिनों से मैहर मां शारदा देवी मंदिर प्रशासक विकास सिंह द्वारा मां शारदा देवी धाम में रास्ते को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही थी। इसके तहत,रोपवे में लगे कर्मचारियों को भी मां शारदा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर जगह-जगह तैनात किया गया था,ताकि आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सीढ़ियों पर लग रहे अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया गया।इसी क्रम में,आज मां शारदा मंदिर की देवी से लेकर माता के मुख्य द्वार लाल गेट तक रास्ते को अवरुद्ध कर रही सभी दुकानों को हटाने का आदेश दिया गया। इस पर अतिक्रमण प्रभारी सीबी पटेल,समिति के कर्मचारी और प्रशासक द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए एक टीम गठित की गई। इस अतिक्रमण को हटाने में देवी धाम चौकी पुलिस का विशेष योगदान रहा और रास्ते को अवरुद्ध कर रही सभी दुकानों को हटा दिया गया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट के सामने प्रशासन नतमस्तक
# प्रदूषण और अधूरे वादों से ग्रामीण आक्रोशित



**मैहर।** सरलानगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट (मैहर सीमेंट वर्क्स) के सामने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग पूरी तरह से बेबस नज़र आ रहे हैं। फैक्ट्री से निकलने वाली धूल और प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धूल इतनी तेज़ी से उड़ रही है कि खेत,घर और पानी के स्रोत तक प्रभावित हो गए हैं। सांस लेने में दिक्कत हो रही है और बच्चों व बुजुर्गों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित ग्रामीणों का आरोप है कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन ने पहले कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गांवों की मदद करने और विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया था,लेकिन अब कोई सहायता नहीं मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है,हमें केवल प्रदूषण मिला है,न कोई रोज़गार, न कोई सुविधा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रदूषण पर नियंत्रण करने और योजना के वादों को पूरा करने की मांग की है। समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय मंटू भैया ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# चित्रकूट के तीनों प्रवेश मार्गों पर बनेंगे भव्य द्वार, 5 करोड़ स्वीकृत

सतना।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तीर्थ स्थल विकास योजना के तहत चित्रकूट को अब और भी भव्य रूप मिलेगा। भगवान श्री राम की तपोभूमि में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत अब तीन भव्य प्रवेश द्वारों के साथ किया जाएगा। प्रयागराज,बांदा और कौशांबी से चित्रकूट में प्रवेश करने वाले तीन प्रमुख सड़क मार्गों पर भक्ति थीम पर आधारित इन द्वारों के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।



# एलआईसी की 57 वीं मध्य क्षेत्रीय बेडमिंटन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता प्रारंभ

सतना।

एल.आई.सी.की 57 वी मध्यक्षेत्रीय बेडमिंटन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 28 जुलाई को भव्य शुभारंभ प्रातः 11 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्टस कॉम्पलेक्स,सतना में सम्पन्न हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम नागपुरे,प्रादेशिक प्रबन्धक (मानव संसाधन विकास) भोपाल, विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार,वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक,सतना मण्डल उपस्थित रहे। इसके साथ ही शंशांक शेखर शर्मा एवं मणीन्द्र तिवारी,सदस्य स्पोर्ट प्रमोशन बोर्ड,सुशील गिरी, प्रेक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल आनंद त्रिवेदी,प्रबन्धक कार्मिक, राजेश द्विवेदी सदस्य आयोजन समिति, सतना मण्डल के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक और खेल प्रेगी उपस्थित रहे। सुश्री मोनिका अवस्थी, सुमित नागरथ, धनीराम कोष्टा, मनीष नेमा,दीपेश गुप्ता, चिराग गुप्ता,मोहित नोटवानी, बी प्रवीण सिंह, अनुसुईयादीन, रूपनारायण यादव सदस्य आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत आयोजन समिति के सदस्य धमेन्द्र सिंह बघेल ने विभिन्न मण्डलों से पधारे खिलाड़ियों, अतिथियों, निर्णायकों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों का स्वागत करते हुए अपने उदबोधन में खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारिरिक रूप से बल्कि मानकिस रूप से जीवन में एन नई उर्जा का प्रवाह करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रभात ने कहा कि खेल का जीवन में अत्यधिक महत्व है क्योंकि इससे अनुशासन, टीम भावना, कठोर परिश्रम के साथ साथ नियमित अभ्यास जैसे गुणों को बल मिलता है खेल अपने समाज,संस्थान और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरक का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम नागपुरे ने कहा कि मानव जीवन में खेलकूद का अत्यधिक महत्व है खेलों के माध्यम से आपसी सदभाव एवं एकता को बल मिलता है। खेलों को हमेशा खेल भावना से खेला जाना चाहिए खेल में हार और जीत तो होना सुनिश्चित है लेकिन हारे हुए खिलाड़ी को निराश न होकर दृढ संकल्पित होना चाहिए कि अगली बार मेरी ही जीत होगी। केन्द्रीय कार्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में पधारे मणीन्द्र तिवारी ने अपने उदबोधन में खेल परिसर,आयोजन समिति की व्यवस्थाओं और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि एलआईसी अपने कर्मचारियों अधिकारियों के समुचित विकास के लिए खेल के माध्यम से अवसर उपब्ध कराता है और यह आयोजन इसी की परिणिती हैं। सत्तना मंडल के बैडमिंटन खिलाड़ी शिवेन्द्र पाण्डेय द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने विशिष्ट अतिथी के साथ खेल कर और यह कहते हुए कि मैं 28 एवं 29 जुलाई को सतना में आयोजित 57 वीं मध्य क्षेत्रीय बेडमिंटन टेबिल टेनिस चयन प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 की औपचारिक उदघाटन की घोषणा करता हूँ कहकर खेलो का विधिवत शुभारम्भ किया। मुख्य निर्णायक संजय टण्डन,नन्द किशोर नन्दा एवं पवन तिवारी,राहुल दुबे,लोकेश बागरी,अमिति द्विवेदी, निर्णायकों की देखरेख में मैच प्रारंभ हुए।



### खेल के प्रथम दिन

पुरूष वर्ग में बेडमिंटन अमित निगम भोपाल और राजेश चौधरी शहडोल और रूपेश कुमार ग्वालियर और पलाश जैन इन्दौर टेबिल टेनिस केशव खंडेलवाल रायपुर और सावन जायसवाल शहडोल, हिमांशु रंगशाही इन्दौर और सुशांत श्रीवास्वत सतना गरिमा शर्मा ग्वालियर मंडल और पर्ती ठाकुर शहडोल मंडल महिला वर्ग में बैडमिंटन गरिमा शर्मा ग्वालियर मंडल और पर्ती ठाकुर शहडोल,मंडल, कोनू पाल भोपाल और विनीता इक्का बिलासपुर टेबिल टेनिस ऋचा पटवर्धन इन्दौर और अपूर्वा कुलश्रेष्ठ,साक्षी धनविजय रायपुर और श्रीजी गुप्ता शहडोल कार्यकम का सफल संचालन राजेश द्विवेदी ने किया। उक्त आशय की जानकारी और राजेश द्विवेदी सदस्य आयोजन समिति ने दी।

## सितपुरा के समस्त फीडरों की सप्लाई आज एवं 1 अगस्त को बंद रहेगी

**सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 29 जुलाई एवं 1 अगस्त को आरडीएसएस योजनांतर्गत 33/11 केव्ही मुडहा विद्युत उप केन्द्र की 33 केव्ही लाइन का मेंटीनेंस किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें सितपुरा उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर जैतवारा,उपकेन्द्र भरजुना,बरा,पवईया,11 केव्ही उद्योग फीडर एवं 11 केव्ही भटिगवां फीडरों की सप्लाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मैहर की बेटी अंजना ने माउंट एल्ब्रस फतह कर रचा इतिहास



**मैहर।** जिले की अंजना सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर) पर 27 जुलाई को सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया। बेंदुरा कला गाँव की एक साधारण किसान परिवार से आने वाली अंजना ने सुबह 6 बजे शिखर पर पहुँचकर राष्ट्रगान भी गाया। तेज हवाओं,-22C तापमान और ऑक्सीजन की कमी जैसी विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने यह असाधारण उपलब्धि हासिल की। 24 जुलाई को चढ़ाई शुरू करने के बाद,स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उन्हें 26 जुलाई को विश्राम करना पड़ा,लेकिन 27 जुलाई को सुबह 2:00 बजे उन्होंने अंतिम चढ़ाई फिर से शुरू की और सफलता प्राप्त की। अंजना ने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शक एडवोकेट शिवेंद्र सिंह बघेल को दिया। इससे पहले,उन्होंने 26 जनवरी 2025 को अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो भी फतह की थी। अंजना की यह सफलता पूरे देश की बेटियों के लिए प्रेरणा है,जो दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### सतना में टूटा सबसे कम आय का रिकॉर्ड: उचेहरा में 'शून्य कमाई' का प्रमाण पत्र जारी




**सतना।** हिंदुस्तान में सबसे कम आय का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सतना जिले के उचेहरा में एक ऐसे व्यक्ति का पता चला है जिसकी वार्षिक आय शून्य दर्ज की गई है। यह अजूबा इसलिए भी है क्योंकि पहली बार किसी व्यक्ति को साल भर में शून्य कमाई का आधिकारिक प्रमाण पत्र जारी किया गया है,जिसने देश में सबसे कम आय का अब तक का सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह घटना वित्तीय असमानता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चुनौतियों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जहां एक ओर देश आर्थिक प्रगति की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले जमीनी हकीकत को बयां करते हैं। इस प्रमाण पत्र का जारी होना यह भी दर्शाता है कि सरकारी तंत्र ऐसे मामलों को मान्यता दे रहा है,जो शायद भविष्य में ऐसी समस्याओं के समाधान की दिशा में पहला कदम हो सकता है। इस मामले ने स्थानीय प्रशासन और अर्थशास्त्रियों दोनों का ध्यान खींचा है।

### अमरपाटन में वृद्ध पर जानलेवा हमला,जिला अस्पताल रेफर



**सतना।** अमरपाटन-सतना रोड पर मानसी गैस एजेंसी के पास घर के बाहर खड़े एक 67 वर्षीय वृद्ध पर तीन अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को देर रात सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया था,जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मैहर में चाकू लेकर एटीएम में घुसा युवक



**मैहर।** जिले की गलियों में बीते कई दिनों से पागलों जैसी हालत में भटक रहा एक युवक आज अचानक महाराष्ट्र बैंक के एटीएम में चाकू लेकर घुस गया,जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। चाकू लहराते हुए वह एटीएम बूथ के अंदर घुस गया,जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से लोग सहम गए। स्थानीय लोगों ने चिंता जताई कि मैहर जिले में ऐसे कई लोग हैं जिनकी मानसिक स्थिति असामान्य लगती है और उनकी पहचान कर आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

### आगजनी की घटना टली

**सतना।** देर रात इंदौर के वार्ड क्रमांक 09,सिद्धार्थ नगर में एक संभावित बड़ी दुर्घटना को नगर निगम के दमकलकर्मियों की त्वरित कार्रवाई ने टाल दिया। देर रात लगभग 12 बजे आशीष रावत,पिता रामावतार रावत के घर में दो पक्षों के आपसी झगड़े के कारण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। खबर मिलते ही नगर निगम ने तत्काल संज्ञान लिया और दो फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

## बिजली के स्मार्ट मीटर से आम जनता का जेब हुआ खाली, जनता में भारी आक्रोश - सौरभ द्विवेदी



**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन का स्मार्ट मीटर दिनों दिन लगातार स्मार्ट होता जा रहा है इसका स्मार्ट होना अब आम जनता के लिए भारी हैरानी और परेशानी का कारण बन रहा है आपकी बिजली जली हो या ना जली हो परंतु स्मार्ट मीटर का बिल यह कहता है कि उपभोक्ता की बिजली भारी जली है। स्मार्ट मीटर के चर्चे आज सारे नगर और क्षेत्र में जोरों पर चल रहे हैं जिसको लेकर आम जनमानस में दिन प्रतिदिन आक्रोश की लहर बढ़ रही है उकताशय के विचार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमानगंज नगर निकाय के उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी छोटू भैया ने आज चर्चा के दौरान कहे आपने कहा कि पहले जब स्मार्ट मीटर की चर्चा आरंभ हुई कि घर-घर में स्मार्ट मीटर लगने वाले है तो आम जनता में कुछ राहत और हर्ष की लहर बनी की इससे कोई विशेष लाभ आम जनमानस को होने वाला है परंतु यह पूरा विपरीत काम हो गया है अब स्मार्ट मीटर लग जाने से गरीब से गरीब व्यक्ति का बिजली का बिल हजारों में आ रहा है इसको लेकर जनता अब कांग्रेस के साथ मैदान में आ सकती है इसके लिए कांग्रेस एक ज्ञापन शीघ्र ही सोपेगी और मैदान संभालेगी इस बात का संकेत आपने जिला संगठन के कार्यक्रम मे गांधी चौक पन्ना में भी दिया प्रशासन शीघ्र ही स्मार्ट मीटर में अपनी आवश्यकता से सुधार करवाए क्योंकि आम जनता की जेबे अब इसके विद्युत बिलों से खाली हो चुकी है।

## चौपड़ा मंदिर से भोमे स्वर अम्हा मंदिर तक निकाली गई भव्य कावड़ यात्रा



**पन्ना।** पन्ना जिले की सिमरिया तहसील में चोपड़ा मंदिर से भोमे स्वर अम्हा मंदिर तक निकाली गई भव्य कावड़ यात्रा सावन का महीना सनातन धर्म के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण महीना होता है पन्ना जिले की पहली कावड़ यात्रा है सिमरिया से अम्हा मंदिर तक निकाली गई 15 किलोमीटर की कावड़ यात्रा में बच्चे बूढ़े महिलाएं बुजुर्ग सभी भारी संख्या में शामिल हुये जहां-जहां से कावड़ यात्रा निकली बम बम भोले के नारे गूंजने लगे कावड़ यात्रा में छोटे बच्चों ने भी कंधे में कावड़ राखी महिलाओं ने भोले बाबा की भक्ति में नृत्य करते हुए यात्रा में चार चांद लगा दिए सिमरिया में कावड़ यात्रा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष जेपी चनपुरिया के नेतृत्व में निकली गई जेपी चनपुरिया ने बताया पिछले वर्ष भी भक्तों का तांता लगा हुआ था इस वर्ष सावन के महीने में भक्तों की भीड़ लग गई 15 किलोमीटर की यात्रा के बाद भक्तों ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया जेपी कनपुरिया ने बताया हर साल भव्य यात्रा निकाली जाएगी।

### खबर संक्षेप

## नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

दमोह। हिरदेपुर निवासी आवेदक की रिपोर्ट पर आवेदक की नाबालिक लड़की को अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण करने के मामले पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 555/25 धारा 137(2) **BNS** पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं शीघ्र कार्यवाही के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह तथा नगर पुलिस अधीक्षक मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में उनि रोहित द्विवेदी (प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र सागर नाका) द्वारा तत्काल टीम के साथ कार्यवाही कर 24 घंटे के अंदर से इमलाई फैक्ट्री के पास से अपहृत नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपहृता द्वारा बताया गया कि परिजनों द्वारा डांटने के कारण नाराज हो कर घर से चली गई थी। उपरोक्त कार्यवाही में उनि रोहित द्विवेदी, प्रआ. हर्ष, आ नीरज,आ रामकुमार,आ गौरव, महिला सैनिक गीता एवं साइबर सेल से आ मयंक दुबे के सक्रियता प्रशंसनीय रही।

## भू अभिलेख पोर्टल की सेवाएं बुधवार से हो जाएगी शुरू

**दमोह।** प्रदेश के भू अभिलेख पोर्टल को नया वर्जन में अपडेट करने के लिए 23 जुलाई की रात्रि से सेवाएं बंद की गई है। सेवाओं के बंद होने से 6 दिन के लिए लोगों को परेशानी अवश्य हो रही है, लेकिन नया वेब जीआईएस 2.0 जल्द ही दिखेगा जो पहले की अपेक्षा नई जानकारी के साथ अपडेट होगा ।इसके प्रारंभ होने से नई जानकारी के साथ लोगों को दस्तावेज उपलब्ध होंगे। यह सेवाएं बुधवार से पुनः प्रारंभ हो जाएगी। यह जानकारी अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान भू अभिलेख पोर्टल बंद होने से अनेक कार्य नहीं हो पा रहे हैं। आम लोगों के लिए खसरा,नक्शा, खतौनी ,ऋण पुस्तिका आदि नहीं निकल पा रहे हैं लेकिन बुधवार से यह सेवाएं पुनः प्रारंभ हो जायेगी। अधीक्षक भू-अभिलेख वर्षा दुबे ने बताया वेब जीआईएस पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, जिसके चलते 6 दिनों तक अपडेशन का कार्य होने के कारण 23 जुलाई की रात्रि से पूरे प्रदेश में पोर्टल बंद किया गया था जो 29 जुलाई की रात्रि 12 बजे से पुनः प्रारंभ हो जाएगा जिससे आम नागरिकों को भू अभिलेख की सेवाएं पुनः प्रारंभ हो जाएंगी।

## मवेशियों को बचाने में दो ट्रकों में भिड़ंत

**दमोह।** छतरपुर हाईवे रोड पर मध्य प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल के विधानसभा क्षेत्र नरसिंहगढ़ सुनार नदी के पुल पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर मे दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत से देर तक आवागमन बाधित बना रहा। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग जाने तथा एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रकों को पुल से हटवा कर यातायात को सुचारू कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात पर नरसिंहगढ़ बटियागढ़ मार्ग पर दो लोडेड ट्रकों के बीच क्रॉसिंग के दौरान टक्कर हो गई। सीमेंट से भरा ट्रक क्रमांक MP 34H 1095 इमलाई से शाहगढ जा रहा था वहीं खाद से भरा ट्रक क्रमांक MP 09 HJ 5673 दिल्ली से जबलपुर आ रहा था। घटना के प्रत्यक्ष दर्शीकार चालक सुनील कुशवाहा ने बताया की मवेशियों को बचाने के चक्कर में दोनों गाड़ी आमने-सामने टकरा गई। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन पीछे चल रही उनकी अर्टिगा गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में नरसिंहगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रकों को पुल से हटवाकर जाम खुलवाया।

## 697.2 मिमी वर्षा दर्ज

दमोह। जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 697.2 मि.मी. अर्थात 27.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 272.5 मि.मी. अर्थात 10.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 424.7 मि.मी. अर्थात 16.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 814.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 731.0 मि.मी., हटा 688.7 मि.मी., जबेरा में 814.0 मि.मी. पथरिया 777.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 632.2 मि.मी, बटियागढ़ 618.0 मि.मी. तथा पटेरा में 620.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## गगन स्व स्हायता की बैठक ग्राम अतरहाई में हुई सम्पन्न पंचनामा के साथ बैठक में समूह के सदस्यों ने उल्लेखित किया कभी भी मिशन के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कोई कमीशन या राशि की नहीं की मांग

पन्ना।



जिले में आजीविका मिशन से संचालित स्वाहायता समूह जो कि ग्राम अतरहाई में गगन स्व सहायता समूह के नाम से संचालित है जिसके सदस्य की बैठक का आयोजन आज दिनांक 28 जुलाई 2025 को किया गया। वहीं मोहन्द्रा पुलिस चौकी थाने में दर्ज शिकायत का परीक्षण उपस्थित समूह के अध्यक्ष माया चौधरी पति रामप्रसाद चौधरी एवं सचिव गिंदिया बाई चौधरी स्व0 श्री फगुआ चौधरी तथा उपस्थित सदस्यों में उर्मिला चौधरी, शांति चौधरी, बड़ी बहु चौधरी, सीता बाई चौधरी तथा सरमन बाई चौधरी एवं सामवती चौधरी तथा तारा बाई चौधरी उपस्थित रही वहीं ग्रामीणजन भी इस दौरान उपस्थित बताये जा रहे है पंचनामा में समूह की बैठक चर्चा के दौरान सचिव गिंदिया बाई चौधरी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा केवल समूह में पैसा कम मिलने के कारण उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। साथ ही बैठक में अध्यक्ष व सचिव और सदस्यों द्वारा सहमति से एक स्वर में बताया गया है कि उन्हें समूह के खाता खुलने और पैसा निकलने बैंक ऋण की संपूर्ण जानकारी है कि किसने कितना पैसा लिया है। समूह के सदस्यों ने यह भी पंचनामा में जानकारी उल्लेखित की है एवं स्वीकार किया है कि समूह के सदस्यों से कभी भी मिशन के अधिकारी कर्मचारी द्वारा कभी कोई कमीशन या कोई राशि की मांग नहीं की गई और समूह सचिव गिंदिया बाई ने बिना किसी दबाव के बताया कि थाने के समक्ष किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोटो खींची और वह शिकायत वापस लेने को तैयार है जिसके लिये सचिव गिंदिया बाई/स्व0 फगुआ चौधरी पुलिस चौकी मोहन्द्रा में पुनः जाकर शिकायत करवाने के लिये भी थाना प्रभारी से निवेदन कर चुकी है साथ ही जब सभी उपस्थित समूह सदस्यों को जानकारी पेपरों में छपी शिकायती प्रकरण की जानकारी दी गई तब उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही उन्होंने छपवाया है इस तरह से गगन स्व सहायता समूह की बैठक में पंचनामा की जानकारी जहां सामने आई है। गौरतलब बात यह है कि गगन स्व सहायता समूह को लेकर पुलिस चौकी मोहन्द्रा में शिकायती आवेदन जहां अजीविका मिशन को लेकर महिलाओं द्वारा दिया गया वहीं यह पंचनामा अब दिया जा रहा इस संबंध में पुलिस चौकी मोहन्द्रा प्रभारी से भी जानकारी ली गई। जहां प्रभारी पुलिस चौकी अधिकारी श्रीमती समिता सिंह बघेल ने बताया कि आवेदन शिकायती गगन स्व सहायता द्वारा दिया गया था जिसमें आजीविका मिशन के फर्जीवाड़ा को लेकर अध्यक्ष के ऊपर आरोप लगाये पैसे निकालने को लेकर वहीं अध्यक्ष के द्वारा यह स्वीकार गया है कि 20 हजार रूपये निकाले थे जो सदस्यों को नहीं बताये साथ ही मामला अभी भी जांच में है बैंक से स्टेटमेंट लेने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं समूह की सचिव व जो महिलायें आई थी आगे कार्यवाही नहीं चाहने की मंशा भी बयां कर रही है पर अभी तो मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## गहोई महिला मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव समारोह



**पवई।** गहोई समाज की महिला मंडल द्वारा संदीपनी गार्डन पवई में श्रावण मास में आने वाले हरियाली तीज महोत्सव समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के इसी पवित्र माह में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए माता पार्वती ने सोलह सिंगार कर घोर तपस्या करते हुए उनको प्रसन्न किया था और उनकी लंबी आयु के लिए व्रत किया था। त्रेता युग में प्रकृति की इसी अनुपम स्वरूप को देखते हुए भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों संग रासलीला की थी हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह माह विशेष महत्व रखता है। इस कारण सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस माह में व्रत एवं धार्मिक अनुष्ठान करती हैं। इसी पवित्र माह में गहोई समाज की महिलाओं द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन संपन्न कराया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रानी मोदी अध्यक्ष गहोई महिला मंडल अमानगंज विशिष्ट अतिथि डॉ प्राची गुप्ता एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पवई गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति बेहरे द्वारा जगत जननी मां कलेही,भगवान कृष्ण,गहोई समाज के आराध्य भगवान सूर्य देव,राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की छायाचित्रों पर पूजन दीप प्रज्वलन एवं आरती करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गहोई समाज की महिलाओं द्वारा मंच पर धार्मिक गीतों पर डांस की अनुपम स्तुति दी गई इसके पश्चात समिति द्वारा प्रश्नोत्तरी एवं सोलह सिंगार थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गहोई समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची, द्वितीय रचना बेहरे तृती,शिवानी नीखरा ने प्राप्त किया थाली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीमा छिरौल्या द्वितीय स्थान रचना बेहरे तृतीय स्थान आरती सेठिया ने प्राप्त किया कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा सभी को पुरस्कार प्रदान किए गये एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। गहोई महिला मंडल द्वारा समाज के सभी कार्यक्रमों में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए गहोई समाज के अध्यक्ष गनेश डेगरे का सम्मान गहोई महिला मंडल के सभी पदाधिकारी द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति बेहरे द्वारा व्यक्त किया गया हरियाली तीज कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा छिरौल्या ,दीपा छिरौल्या का विशेष सहयोग रहा आमंत्रित अतिथियों द्वारा उनके प्रबंधन की प्रशंसा की गई कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पूजा छिरोल्या द्वारा किया गया कार्यक्रम में गहोई समाज के अध्यक्ष गनेश डेगरे,समाजसेवी पंकज बेहरे महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति बेहरे सहित मंडल की महिलाएं उपस्थिति रही।

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयावधि में नागरिक सेवाएं प्रदान न करने पर अर्थदण्ड का प्रस्तुत करें प्रस्ताव- कलेक्टर

### आश्रम शालाओं सहित अन्य छात्रावासों में सीट रिक्त होने पर अधीक्षक के विरूद्ध होगी कार्रवाई

### टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए गए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार, 30 जुलाई को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों एवं 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने सहित विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्तमान जुलाई माह की सभी शिकायतों का भी संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। इसके अलावा टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों का भी गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा उक्ताशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत एल 1 स्तर पर शिकायतों को अनिवार्य रूप से अटेंड करें। लोकसेवा गांरटी अधिनियम की सेवाओं का समय पर प्रदाय सुनिश्चित हो। राजस्व विभाग के तहत रैपुरा तहसील में अविवादित नामांतरण के 47 लंबित प्रकरणों पर उन्होंने नाराजगी जताई और गत एक सप्ताह में निरंक प्रगति वाले राजस्व सहित समस्त विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों को अर्थदंड अधिरोपित करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के कार्यों की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग भी करें। कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में पुनः निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी अपने कार्यालय में निरंतर उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का प्रभावी निराकरण करें। यह ध्यान रखा जाए कि आवेदक को कोई परेशानी न हो, आवेदन की पावती भी जरूर दें। जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की गंभीरतापूर्वक बातें सुनकर समस्या का निराकरण किया जाए। इस दौरान जिला संयोजक से आश्रम शालाओं सहित अन्य छात्रावासों में रिक्त सीट की जानकारी लेकर लापरवाह अधीक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई के सख्त निर्देश भी दिए। इसके अलावा शासन स्तर से जारी जिले की रैंकिंग में निरंतर सुधार के संबंध में भी कार्ययोजना के साथ शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रैंकिंग में शामिल 16 विभागों द्वारा निरंतर आम नागरिकों से संबंधित विषयों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व, पशुपालन एवं डेयरी विभाग को निर्धारित संकेतकों के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गत एक माह में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता के विरूद्ध भी कार्रवाई की बात कही।

### आधार केन्द्रों का करें समुचित प्रचार-प्रसार

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में पन्ना नगर में आम नागरिकों के नवीन आधार सहित अपडेशन के लिए चार आधार केन्द्र संचालित हैं। सम्पूर्ण जिले में 63 केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा आगामी दिवसों में अन्य केन्द्रों का संचालन शुरू होना है। इस संबंध में जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस को समस्त आधार केन्द्रों के संबंध में हर स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के लिए कहा। साथ ही केन्द्र के संचालनकर्ता का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी से भी अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। इस दौरान अब तक ऑनबोर्ड होने से शेष रहे विभागों को आगामी शुक्रवार तक आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा ऑनबोर्डिंग विभागों के अधिकारियों को प्रथम चरण में ई-ऑफिस पर ही नवीन फाइल क्रिएशन एवं मूवमेंट तथा द्वितीय चरण में क्रमशः पुरानी फाइलों के संधारण व प्रेषण के निर्देश दिए गए। वर्तमान में प्रदेश स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन में जिले की 42वीं रैंक है।

### बीएमओ के प्रभार में परिवर्तन की चर्चा

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कतिपय बीएमओ द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर इनके प्रभार में परिवर्तन के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की। साथ ही सलेहा में नियमित चिकित्सक की तैनाती की बात कही। इस दौरान एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पोर्टल पर ऑनलाइन सबमिशन तथा संबंधित थाना को समय पर प्रेषण की समीक्षा के निर्देश भी दिए। इसके अलावा एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्टेट को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंडओवर एवं गिरफ्तारी प्रक्रिया भी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रतिमाह लक्ष्यानुसार रोजगारमूलक प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक स्तर पर लापरवाही की स्थिति पर जिम्मेवार बैंक कर्मचारी एवं शाखा प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही के लिए जोनल मैनेजर एवं राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। इस दौरान उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी और राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के जिला प्रबंधक को प्रतिमाह लक्ष्यानुसार वांछित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में स्कूलों द्वारा शीघ्र मध्यान्ह भोजन के लिए खाद्यान्न उठाव, छात्रवृत्ति के समय पर वितरण के लिए शिक्षकों की नामजद ड्यूटी तय करने इत्यादि के निर्देश भी दिए।

### बृहस्पति कुंड में देवस्थान समिति द्वारा संचालित की जाए गौशाला

कलेक्टर ने कहा कि जिले में अभिनव पहल की शुरूआत कर बृहस्पति कुंड में देवस्थान समिति द्वारा गौ संवर्धन बोर्ड में पंजीयन उपरांत गौशाला का संचालन शुरू किया जाए। इसके अलावा इस प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर रोड के चौड़ीकरण तथा बच्चों के लिए झूले व किड्स जोन तैयार करने सहित कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। गौशाला का संचालन मंदिर समिति की राशि व जन सहयोग से किया जाएगा। बैठक में अन्य अंर्तविभागीय विषयों सहित रेल्वे के निर्माणाधीन कार्यों के तहत भू-अर्जन राशि अवार्ड होने के वाबजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा पैसा न लेने पर इनके विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई कर निर्बाध रूप से कार्य संचालित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर में किए गए विभागीय प्रयासों से नागरिकों के जीवन में आई खुशहाली पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय कुमार नागवशी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## नगर के अन्दर सड़कों पर मवेशियों व हैवी वाहनों का कब्ज़ा, दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

रविवार की रात एक ट्रक ने सड़क पर बैठे आवारा पशु के पैर में चढ़ा ट्रक का पहिए



**गुनौर।** इन दिनों नगर मुख्यालय की सड़कों पर जगह जगह आवारा पशुओं को देखा जा रहा है जिसमें दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है साथ ही नगर के अन्दर से हैवी लोड वाहनो का निकलना दुर्घटनाओं की संभावनाओं को और बढ़ा देता है, रविवार को एक ट्रक द्वारा सड़क पर बैठे आवारा पशु के पैर से ट्रक चढ़ गया जिससे पैर की हड्डी टूट गई जिस पर बजरंग़ दल के लोगों द्वारा ट्रक वाले से सहयोग ले कर इलाज़ कराया गया। जिसको प्रशासन की उदासीनता कहें या नगर परिषद की ढिलाई? लगातार कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी आवारा पशुओं की संख्या सड़कों पर दिखना चिंता का विषय है आए दिन सड़कों में हादसे होने के मुख्य कारण ज्यादातर आवारा पशु और नगर से हैवी वाहन गुजरना है जबकि हैवी वाहनो के निकलने के लिए बायपास सड़क बनी हुई है इसके लिए जब तक प्रशासन इस पर कड़ाई नहीं करेगा तब तक ऐसे ही हैवी वाहन नगर के अन्दर से गुजरते रहेंगे ओर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी वही नगर परिषद कलेक्टर के आदेश का जब तक कड़ाई से पालन नहीं करेंगे तब तक आवारा पशु ऐसे ही सड़कों पर दिखते रहेंगे और हादसों का शिकार होते रहेंगे सरकार की गौ शालाओं में पशुओं को सुरक्षित रखने की मंशा पूरी नहीं हो सकेगी ऐसी स्थिति में न तो राहगीर सुरक्षित है और न ही आवारा पशु, गौ पलकों, शासन प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### इनका कहना है -

अधिकतर पशुओं को गौ शाला में भेजा जा चुका है जो भी आवारा पशु नगर की सड़कों पर दिखते है उनको तत्काल गौ शाला भेजा जाएगा।

**प्रवेश कुमार पाल (प्रभारी सीएमओ)**

## अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुध्द अमानगंज थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से 10 पेटी (500 क्वा/ 90 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब एवं एक मारूती सुजुकी कम्पनी की स्विफ्ट डिजायर कार जप्त



**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्थ थाना प्रभारियों के अपने-अपने क्षेत्र में मादक पदार्थ के विक्रय, भण्डारण, परिवहन एवं निर्माण करने वालों के विरुध्द कड़ी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था, जिसके तारतम्य मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना बंदना चौहान एवं श्रीमान एसडीओपी गुनौर श्री मान सिंह टेकाम के मार्गदर्शन मे मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सुभाष विश्वकर्मा पिता रामनरेश विश्वकर्मा उम्र 21 साल निवासी ग्राम मझगवाँ सरकार के कब्जे से 10 पेटी (500 क्वारटर / 90 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब एवं एक मारूती सुजुकी कम्पनी की स्विफ्ट डिजायर कार 4758 जप्त की गई है।

**सराहनीय योगदान-** उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री थाना प्रभारी अमानगंज, सउनि चन्द्र कुमार बागरी, प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी, शिवम शर्मा, मुकेश शर्मा, आरक्षक तुलसीदास, विश्वाश शुक्ला, अखिलेश, मुनेन्द्र सिंह, सतीश श्रीवास, महिला आरक्षक हेमा गर्ग का सराहनीय योगदान रहा।

## आरोपी के कब्जे से 12 पेटी (600 क्वार्टर/ 108 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब एवं एक बिना नम्बर की नेक्सा फ्रोक्स कार जप्त

अमानगंज।



पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्थ थाना प्रभारियों के अपने- अपने क्षेत्र में मादक पदार्थ के विक्रय, भण्डारण, परिवहन एवं निर्माण करने वालों के विरुध्द कड़ी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था, जिसके तारतम्य मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना बंदना चौहान एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय गुनौर श्री मान सिंह टेकाम के मार्गदर्शन मे मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी /विधि विरुध्द बालक के कब्जे से 12 पेटी (600 क्वारटर / 108 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब एवं एक बिना नम्बर की नेक्सा फ्रोक्स कार जप्त की गई है।

**सराहनीय योगदान** - उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री थाना प्रभारी अमानगंज, सउनि बुध्दीलाल कोल, प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी, शिवम शर्मा, मुकेश शर्मा, आरक्षक तुलसी दास, विश्वाश अखिलेश, मुनेन्द्र सिंह, सतीश श्रीवास, महिला आरक्षक हेमा गर्ग का सराहनीय योगदान रहा

## नकली एवं मिलावटी घी के विनिष्टीकरण की कार्रवाई





**पन्ना।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा आज 825 किलोग्राम तथा 5 लाख 80 हजार 300 रुपए कीमत के नकली एवं मिलावटी घी को नष्ट करवाया गया। विगत 30 जून को शहर के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित एक घर में नकली घी के कारोबार की सूचना प्राप्त होने पर विभाग की टीम द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई थी। जांच में घी का नमूना अमानक स्तर का पाए जाने पर इसे जप्त किया गया। गत दिवस अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा आरोपी इन्द्रजीत गुप्ता पर एक लाख 50 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित कर नकली घी को नष्ट कराने का आदेश पारित किया गया था। इसके परिपालन में सोमवार को नगर पालिका टीम द्वारा घटना स्थल पर सील्ड रखे मिलावटी घी को कचरा संग्रहण वाहन में परिवहन कर निर्धारित स्थल पर नष्ट कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान डॉ. दिनेश प्रसाद प्रजापति एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार राय भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संकट मोचन मंदिर में हरियाली तीज पर दिखा भक्ति का रंग

**छतरपुर।** श्रावण मास की हरियाली तीज के पावन अवसर पर शहर के संकट मोचन मंदिर में भक्ति का अनूठा रंग देखने को मिला। दरअसल यहां भक्तों ने लड्डू गोपाल और राधा-कृष्ण को पालने में बिठाकर झूला झुलाया और पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजा-अर्चना की, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने उत्साह के साथ राधा-कृष्ण को झूले पर सजाया और भक्ति भाव से उन्हें झुलाया। इसके साथ ही पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा की गई। महिलाओं ने बताया कि सावन के पवित्र महीने में वे पति की लंबी आयु और दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और 16 श्रृंगार करती हैं। उन्होंने भगवान शिव-पार्वती की अमर जोड़ी का उदाहरण देते हुए कामना की कि उनका वैवाहिक जीवन भी प्रेम और आशीर्वाद से परिपूर्ण रहे। भक्तों ने सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना के साथ यह धार्मिक आयोजन किया। मंदिर में मौजूद भक्तों ने भजनों और पूजा के माध्यम से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया।

### अज्ञात कारणों से युवक लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी



**छतरपुर।** बीती रात सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बसारी दरवाजे पर रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम किया गया और इसके साथ ही थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नंदकिशोर पुत्र भुमनीदीन कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी बसारी दरवाजा, पेशे से कार मैकेनिक था। उसकी 5 साल की बेटी और 13 साल का बेटा है। रविवार शाम को नंदकिशोर अपनी पत्नी शोभा और बेटी के साथ ससुराल कदारी से लौट रहा था, तभी ब्रजपुरा गांव के पास उसका एक्सीडेंट हो गया। तीनों को चोटें आईं और एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। पति-पत्नी को मामूली चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया, लेकिन बेटी की गंभीर हालत के चलते उसे पीआईसीयू में भर्ती किया गया। इसके बाद देर रात नंदकिशोर घर पहुंचा और कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने उन्हें फंदे पर लटका देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉ. राजेश मिश्रा ने उसे मृत घोषित किया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नाग पंचमी पर मोटे के महावीर मंदिर में आज होगा दंगल

**छतरपुर।** श्री मोटे के महावीर मंदिर में आज 29 जुलाई को श्री नाग पंचमी मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भव्य दंगल, शुद्ध घी की जलेबी प्रसाद और पूजा-अभिषेक के साथ भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन 1965 में संत श्री शरीर महाराज की समाधि के उपलक्ष्य में शुरू हुआ और तभी से हर वर्ष यह आयोजन होता है। श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद रावत और सचिव आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रॉयल फाउंडेशन, छतरपुर के अध्यक्ष स्वतंत्र शर्मा, सचिव आनंद अग्रवाल और अन्य सदस्यों के सहयोग से दंगल में पुरस्कार वितरण होगा। संत श्री शरीर महाराज के नाती परिवारजन प्रसाद वितरण में विशेष भूमिका निभाएंगे। परंपरागत रूप से 25 वर्षों से पंडित राकेश दास जी महाराज (जलेबी बाबा), महामंडलेश्वर निर्मोही अखाड़ा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, नौगांव रोड, सुबह से देर रात तक शुद्ध घी की जलेबी का प्रसाद बांटेंगे। समिति ने सभी भक्तों से मेले में शामिल होकर श्री मोटे के महावीर जी के दर्शन, प्रसाद ग्रहण और दंगल में प्रतियोगियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की। यह मेला भक्ति, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव का अनूठा संगम होगा।

### लहदरा से काशीपुरा तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा



**हरपालपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को लहदरा गांव से काशीपुरा तक भगवान शिव की भव्य कावड़ यात्रा धूमधाम से निकली। हजारों भक्तों की मौजूदगी और बम बम भोले के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया।

## अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने गई खनिज और पुलिस टीम को माफियाओं ने घेरा

# हालात बिगड़ते देख टीम ने छोड़ दिए जप्त वाहन, उठे सवाल..?

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

**जिले में रेत माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी वानगी सोमवार को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन में देखने को मिली।**

दरअसल दोपहर के वक्त खनिज विभाग और पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम दालौन गांव के समीप हो रहे रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंची थी लेकिन जब टीम यहां से वाहन जप्त कर थाने ले जाने लगी तो माफियाओं और उनके गुर्गों ने टीम को गांव में घेर लिया। मौके पर जब हालात बिगड़ते दिखे तो टीम ने सभी जप्त वाहनों को उनके मालिकों के हवाले कर दिया, जिससे प्रशासनिक अमले की जमकर किरकिरी हो रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन के समीप रेत का अवैध उत्खनन किए जाने की शिकायत खनिज विभाग को मिली थी, जिस पर कार्रवाई करने के लिए खनिज निरीक्षक अशोक द्विवेदी विभागीय टीम और सिविल लाइन थाने का पुलिस बल लेकर दालौन गांव पहुंचे। माइनिंग इंस्पेक्टर प्रभा शर्मा के मुताबिक मौके पर टीम को करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली मिले, जिन्हें जप्त कर लिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं कार्रवाई करने पहंची टीम, जप्त वाहनों को थाने ले जाने की तैयारी करने लगी लेकिन वाहन थाने तक पहुंचते इससे पहले ही रेत माफियाओं और उनके गुर्गों ने पूरी टीम को दालौन गांव में घेर लिया। जब टीम ने स्थिति बिगड़ते देखी तो सभी जप्त वाहनों को उनके द्वारा गांव में ही वाहन मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। अब यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग खनिज और पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब जिला मुख्यालय के नजदीकी इलाकों में खनिज माफिया इस कदर हावी हैं तो दूरस्थ अंचलों में क्या हालात होंगे, इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है।





### खनिज विभाग पर आग बबूला हुए कलेक्टर

जब इस पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर पार्थ जैसवाल को मिली तो वे कार्रवाई करने गए टीम में शामिल खनिज अधिकारियों पर आग-बबूला हो उठे। सर्वप्रथम कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और इसके बाद एएमओ ज्ञानेश्वरी तिवारी के नेतृत्व में कई थानों के पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर दालौन गांव के लिए रवाना किया।

## मोटे के महावीर मंदिर में लगे मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ के बैनर

# दिवंगत कमलेश गुप्ता की समाधि का विरोध जारी




छतरपुर।

शहर के श्री मोटे के महावीर मंदिर परिसर में संत शरीर आश्रम के प्रमुख कमलेश गुप्ता उर्फ कमलेश बब्बा जू की मृत्यु के बाद उनकी देह को दफनाए जाने से शुरू हुआ विवाद अभी थम नहीं है। मंदिर समिति और भक्तों द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में मंदिर समिति और भक्तों ने समाधी को धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताते हुए मंदिर परिसर में मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ और कब्र से लौटकर मंदिर में प्रवेश वर्जित लिखे होर्डिंग्स लगवाए हैं। मंदिर समिति का आरोप है कि यह केवल संपत्ति हड़पने का षड्यंत्र है, और कुछ नहीं। उल्लेखनीय है कि श्री मोटे के महावीर मंदिर परिसर में स्थित संत शरीर आश्रम के प्रमुख कमलेश गुप्ता, जिन्हें कमलेश बब्बा जू के नाम से जाना जाता था, उनका हाल ही में निधन हो गया था। निधन के बाद उनकी देह को आश्रम में ही संत शरीर महाराज की समाधि के पास दफनाया गया और इसे उनकी अंतिम इच्छा बताया गया। श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति और भक्त शुरुआत से ही इस समाधि का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह समाधि धार्मिक परंपराओं और मंदिर की पवित्रता के खिलाफ है। मंदिर समिति ने पहले दिन ही कमलेश गुप्ता की देह को दफनाए जाने पर रोक लगाने और समाधि निर्माण न करने की मांग की थी। इसके लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन मांगों को दरकिनार कर देह को आश्रम परिसर में ही दफना दिया गया। इस घटना के बाद से मंदिर समिति और भक्तों का विरोध और तेज हो गया है। समिति ने मंदिर परिसर में होर्डिंग्स लगवाए, जिनमें मंदिर बचाओ-कब्र हटाओ और कब्र से लौटकर मंदिर में प्रवेश वर्जित लिखा है। मंदिर समिति का कहना है कि यह होर्डिंग्स मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने और जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाए गए हैं।

### पुजारी ने कहा- कब्र पर गए तो मंदिर में नहीं मिलेगा प्रवेश

इस मामले में श्री मोटे के महावीर मंदिर के पुजारी पं. दिनेश प्रसाद शुक्ला ने कहा कि हमने ये होर्डिंग्स इसलिए लगवाए क्योंकि जनता को इसकी जानकारी नहीं है। एक व्यक्ति की देह को मंदिर परिसर में दफन करना धार्मिक रूप से गलत है। यदि कोई कमलेश गुप्ता की कब्र पर जाएगा, तो उसे मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमने इस कदम का भरपूर विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने हमारी नहीं सुनी। यह सब संपत्ति हड़पने का षड्यंत्र है। वहीं स्थानीय भक्त आनंद कुमार शर्मा ने कमलेश गुप्ता की साधु-संत के रूप में पहचान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, कमलेश गुप्ता कोई साधु-संत नहीं थे। एक गिरोह सक्रिय है, जो पहले संकट मोचन और जानराय टौरिया की संपत्ति हड़प चुका है। अब इस गिरोह की नजर मोटे के महावीर मंदिर की संपत्ति पर है, जिसके द्वारा इस विवाद को जानबूझकर जन्म दिया गया है। एक अन्य भक्त भवानी प्रसाद त्रिपाठी ने भी कमलेश गुप्ता को बनावटी संत करार देते हुए कहा, उन्हें जबरन यहां दफनाया गया, जो पूरी तरह गलत है। न उनका धर्म संत जैसा था, न कर्म। हम सभी भक्त इसके खिलाफ हैं।



### चौबे तिराहा के ट्रैफिक सिग्नल चालू

**छतरपुर।** पिछले काफी समय से बंद पड़े शहर के ट्रैफिक सिग्नलों की खबरें प्रकाशित किए जाने के बाद जिम्मेदारों ने मामले को संज्ञान में लेकर इन्हें शुरु कराने की कवायद शुरु कर दी है। चौबे तिराहा के सिग्नल चालू हो चुके हैं लेकिन छत्रसाल चौक और पन्ना नाका के सिग्नल अब भी बंद हैं।
बताया गया है कि सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा का विषय बने बंद ट्रैफिक सिग्नलों के मामले को कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर नगर पालिका सीएमओ और ट्रैफिक प्रभारी ने चौबे तिराहा के सिग्नल को चालू कर दिया है। वहीं छत्रसाल चौक और पन्ना नाका तिराहा के सिग्नल अभी भी बंद पड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था में दिक्कतें बनी हुई हैं। इसके साथ ही, चौराहों पर आवारा पशुओं की मौजूदगी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन पशुओं को हटाने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं होने से हादसों का अंदेशा बना रहता है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि सिग्नल चालू करने के साथ-साथ पशु नियंत्रण के लिए भी प्रभावी उपाय किए जाएं, जैसे गौशालाओं में स्थानांतरण या बाड़ लगाने की व्यवस्था। नागरिकों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से यह भी अनुरोध किया है कि छत्रसाल चौक और पन्ना नाका के सिग्नल जल्द चालू किए जाएं।

## नाबालिग छात्रा को प्रताड़ित करने वालों पर मामला दर्ज

# नगर पालिका के अस्थाई कर्मचारी निकले आरोपी, दो गिरफ्तार

**नौगांव।** नगर की शक्ति माता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 की रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग, धमकी और पीछा करते हुए परेशान करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि नगर पालिका के दो अस्थाई कर्मचारी छात्रा को प्रताड़ित कर रहे थे, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। नौगांव थाना में आरोपियों के विरुद्ध पॉस्को एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है, साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी समीर मंसूरी के पास छात्रा की किसी बातचीत का ऑडियो या वीडियो था, जिसे आधार बनाकर वह लगातार उसे ब्लैकमेल कर रहा था। आरोपी, छात्रा पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था और मना करने पर उक्त सामग्री वायरल करने की धमकी दे रहा था। इतना ही नहीं, छात्रा का मोबाइल नंबर हासिल करने के लिए वह लगातार उसका पीछा करता था। बीते रोज जब छात्रा कोचिंग से घर लौट रही थी, तभी ईशानगर चौराहे के पास समीर मंसूरी, उसके साथी कलीम मंसूरी और एक अन्य युवक ने रास्ता रोका और जान से मारने की धमकी दे डाली। छात्रा किसी तरह अपने घर पहुंची लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और आरोपियों ने छात्रा के पिता के सामने गालियां देते हुए धमकी दी। छात्रा की शिकायत पर नौगांव थाना में समीर, कलीम सहित तीन के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 78, 296, 351(3)(5) बीएनएस एवं पॉस्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया, साथ ही दो आरोपी समीर तथा कलीम को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सीएमओ ने कहा- आरोपियों पर हो सख्त कार्रवाई

इस मामले में मुख्य नगर पालिका सीएमओ आरएस अवस्थी ने बयान जारी करते हुए कहा- जैसे ही एफआईआर प्राप्त हुई है, संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि इनमें कोई नगर पालिका से जुड़ा है तो उस पर विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

### इनका कहना

कुछ लोगों द्वारा नाबालिग बच्ची का पीछा किए जाने और धमकाने के संबंध में सूचना मिली थी। शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। चूंकि पूर्व में बालिका ने दो आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था, लेकिन बाद में न्यायालयीन कथन के दौरान बालिका द्वारा एक अन्य युवक का नाम भी लिया गया है, जिसकी विवेचना की जा रही है।

**सतीश सिंह, थाना प्रभारी, नौगांव**




# लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, सामाजिक कार्यों का लिया संकल्प

**छतरपुर।** शहर के पन्ना रोड पर एक निजी होटल में बीती शाम लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें क्लब की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को छतरपुर गौरव रत्न सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, पीडीसी शपथ अधिकारी अशोक दुबे, पवन मलिक, कैलाश अग्रवाल, कृष्णा रावत, भगवत शरण अग्रवाल, आभा श्रीवास्तव, जोन चेयरमैन सुशील शिवहरे, क्लब अध्यक्ष संजय नामदेव, सचिव सौरभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण चौरसिया, और एमओसी महेंद्र अग्रवाल सहित स्वप्निल अग्रवाल उपस्थित रहे। संजय नामदेव ने अध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल ने सचिव, प्रवीण चौरसिया ने कोषाध्यक्ष, और सुशील शिवहरे ने जोन चेयरमैन के रूप में शपथ ली। इस दौरान प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. कपिल खुराना भी क्लब के सदस्य बने और उन्होंने शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने मानव कल्याण और समाज सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. मनोज चौधरी और फोटोग्राफी में बेहतरीन कार्य के लिए ऋषि देव सिंह को छतरपुर गौरव रत्न सम्मान से नवाजा गया। दोनों को मंच पर शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष संजय नामदेव ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य लायंस क्लब को और मजबूत करना और समाज सेवा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करना था। क्लब द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों जैसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर, भोजन पैकेट वितरण, और वृक्षारोपण पर चर्चा हुई। इन गतिविधियों ने क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाया। श्री नामदेव ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के हर जरूरतमंद तक पहुंचना और सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने क्लब के इस दृष्टिकोण की सराहना की और भविष्य में और अधिक प्रभावी सामाजिक कार्य करने का वादा किया।

# लुगासी के शासकीय जूनियर छात्रावास में अनियमितताएं

## कागजों तक सीमित सुविधाएं, छात्र और अधीक्षक गायब

नौगांव।

जनपद क्षेत्र के ग्राम लुगासी में शासकीय जूनियर छात्रावास, जो गरीब और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सात-आठ वर्ष पहले शुरू किया गया था, कागजों पर तो संचालित हो रहा है, लेकिन धरातल पर यह केवल खाली बिल्डिंग और अनियमितताओं का अड्डा बन गया है। जांच में सामने आया है कि यहां न तो छात्र मौजूद हैं और न ही अधीक्षक, केवल चपरासी के भरोसे छात्रावास की इमारत खड़ी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावास के रजिस्टर में 20 से 30 छात्रों की उपस्थिति दर्ज है, लेकिन मौके पर एक या दो छात्र ही रहते हैं, बाकी सभी गायब हैं। जब मौके पर जाकर पड़ताल की गई तो पता चला कि अधीक्षक मनोज चौरसिया भी अनुपस्थित हैं। उनसे फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने बहाना बनाया कि उनके पास दो छात्रावासों की जिम्मेदारी है, इसलिए वे नियमित रूप से नहीं आ पाते।




उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक छात्र के लिए 1390 रुपये मासिक (सब्जी, तेल, साबुन आदि के लिए) और 400 ग्राम अनाज निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ाई के लिए स्कूल शिक्षकों की अतिरिक्त ड्यूटी, रसोईया और रखरखाव का खर्च भी शासन वहन करता है। मेन्यू के अनुसार नाश्ता, चाय और भोजन की व्यवस्था के निर्देश हैं, लेकिन निरीक्षण में पाया गया कि किचन में कोई खाना या सामग्री नहीं थी। छात्रावास की दीवारों पर मेन्यू और स्लोगन तो लिखे हैं, लेकिन धरातल पर न भोजन है, न नाश्ता, और न ही कोई अन्य सुविधा। इसके अलावा लगभग 15 वर्ष पुरानी छात्रावास की इमारत की छत से भी पानी टपक रहा है। छात्रावास की स्थिति स्पष्ट करती है कि शासकीय धन का दुरुपयोग हो रहा है और सुविधाएं केवल रजिस्टर तक सीमित हैं।

### एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

इस मामले में जब नौगांव एसडीएम बीएस पटेल से बात की गई, तो उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों ने रैली निकालकर दी आंदोलन की चेतावनी, भारतीय सफाई मजदूर संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मिक के नेतृत्व में नगर पालिका और जिला चिकित्सालय के सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर विशाल रैली निकाली गई। रैली के बाद कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर जीएस पटेल को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। दोपहर 1 बजे किशोर सागर तालाब स्थित अंबेडकर भवन में बड़ी संख्या में नगर पालिका और जिला चिकित्सालय के सफाई कर्मचारी भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले एकत्र हुए। इसके बाद रैली अंबेडकर भवन से शुरू होकर खड़े हनुमान जी, चौबे तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मिक ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं, जैसे संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन, बढ़े हुए वेतन का एरियर, आउटसोर्स कर्मचारियों का समय पर वेतन और पीएफ जमा, सुरक्षा उपकरणों की



उपलब्धता, नगर पालिका विनियमित कर्मचारियों की एनपीएस कटौती, और संविदा कर्मचारियों की पीएफ कटौती, को लेकर कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो जिले के सभी सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। आदित्य बाल्मिक ने कहा, हम कर्मचारियों के हक के लिए लगातार संघर्ष करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान होने तक चुप नहीं बैठेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुंदेला, जिला महामंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह, पूर्व अजाक्स जिला अध्यक्ष केडी अहिरवार, हेमेंद्र बाल्मिक, रवि पथरौल, अरमान मेहरौलिया, चंद्रभान बाल्मिक, राजा मेहरौलिया, जितेंद्र अहिरवार, मनीष अहिरवार, अखिलेश और बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

